(xviii) Government has been giving liberal assistance for sponsoring and funding promotional activities such as market studies, Buyer-Seller Meets, participation in fairs and exhibition and publicity.

Export of sports goods

1695. SHRI BAIKUNTHA NATH SAH'J: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state.

(a) whether Government are exporting sports goods;

(b; if so, since when and the quantum of sports goods exported during the last three years;

(c) whether Government have any proposal to increase the export of sports goods in the coming years; and

(d) if so, what steps have been taken to raise the export of sports goods and the target set for this purpose?

TEE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. R. DAS MUNSHI), (a) and (b) Exports of sports goods have been taking place from individual manufacturers and exporters. During the last three years the exports of spoils goods have been as follows; (Value in Rs. crores)

1985—86	1986—87	1987—88
27.90	28.37	30.50

(c) and (d) Among the measures taken by Government to increase the exports of sports goods include provision of input support through increasing the availability of raw materials and placing essential import items under O.G.L. A Process-cum-Product Development Centre has been set up at Meerut (U.P.) and a Design-cum-Development Centre at Jalandhar (Punjab). For the year 1988-89 an export iarget of Rs. 40 crores has been fixed.

औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों के लिये ऋणों का प्रदान किया जाना

1696. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेश यादव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों के लिये देश की विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋणों तथा अनुदानों के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो 1986-87 और 1987-88 के वर्षों के दौरान औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों को अलग-अलग ऋणों, अनुदानों और राज सहायता के रूप में कितनी कितनी राशि प्रदान की गई है; और

(ग) उक्त राशि में से पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों के लिये अलग-अलग कितनी राशि प्रदान की गई है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही हैं और यथा उपलब्ध तथा कानूनों के अन्तर्गत अनुज्ञेय सूचना सभा पटल पर रख दी जायेगी।

रुपए का मूल्य

1697. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेश यादव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ वर्षों से विदेशी मुद्राओं अर्थात् येन, डच मार्क, पाउंड और डालर की तुलना में भारतीय मुद्रा अर्थात् रुपए का मूल्य निरंतर घटता जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तीन वर्ष पूर्व इन विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए का क्या मूल्य था;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त अवधि के दौरान कुछ विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए का मूल्य बढ़ा है; और

(घ) यदि हां, तो रुपए के मूल्य में किन-किन विदेशी मुद्राओं की तुलना में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडवर्डो फलेरियो) : (क) से (घ) रुपए की विनिमय दर विशेष रूप से उन देशों की करेंसियों की डालो के मूल्य के संदर्भ में निर्धारित की जाती है, जो भारत के प्रधान व्यापारिक भागीदार हैं। परिवर्तनशील विनिमय दरों के इस युग में, रुपए के मूल्य में उतार-चढ़ाव, जो कि इन करेंसियों के मूल्यों में होने वाली घटबढ़ पर निर्भर करता है, एक सामान्य बात है।

संलग्न सारणी, जिसमें कुछ मुख्य करेंसियों की तुलना में रुपए की विनिमय दर दी गई है, इस घटबढ़ को दर्शाती है। इस सारणी से देखा जा सकता है कि पिछले 3 वर्षों के दौरान, येन, ड्यूश मार्क, पौंड और डालर सहितविदेशी करेंसियों की तुलना में रुपए के मूल्य में वृद्धि अथवा कमी संबंधित करेंसियों के मूल्य में हुई घटबढ़ के अनुसार हुई है। उदाहरण के लिए, रुपए के मूल्य में दिसम्बर, 1988–जनवरी, 1989 के दौरान पौंड की तुलना में 2.1 प्रतिशत, दिसम्बर, 1986–मई, 1987 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिकी डालर की तुलना में 3.5 प्रतिशत, जनवरी–अगस्त, 1988 के दौरान ड्यूश मार्क की तुलना में 5.2 प्रतिशत तथा मई–जुलाई, 1987 के दौरान येन की तुलना में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

औसत विनिमय दरें

विदेशी मुद्रा के प्रति इकाई की तुलना में रुपए

	सं० रा० अ० डालर	पौंड	ड्यूश मार्क	येन
1985-86 (अप्रैल–मार्च)	12.2349	16.8467	4.5553	0.0562
दिसम्बर, 86	13.1444	18.9092	6.6117	0.0811
मई, 87	12.7030	21.1658	7.1036	0.0904
जुलाई, 87	13.0306	20.9714	7.0516	0.0867
जनवरी, 88	13.0846	23.6033	7.9307	0.1027
अगस्त, 88	14.2484	24.1838	7.5414	0.1065
दिसम्बर, 88	15.0369	27.4755	8.5708	0.1218
जनवरी, 89	15.1670	26.9030	8.2620	0.1190